भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
**MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI**

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 29.05.2025

## आरेडिका के हरित ऊर्जा के क्षेत्र में एक और प्रयास

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली में दिनांक 28.05.2025 को आरेडिका के विद्युत विभाग के द्वारा आरेडिका चिकित्सालय की छत पर 152.5 किलोवाट के रूफटॉप सोलर पैनल लगाया गया। इस नवनिर्मित रूफटॉप सोलर पैनल का उद्घाटन महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा द्वारा उच्चाधिकारियों की उपस्थिति में किया गया।

आरेडिका के प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता मनोज कुमार जिन्दल ने बताया कि नवनिर्मित रूफटॉप सोलर पैनल के निर्माण से आरेडिका का कुल सोलर ऊर्जा क्षमता 4.08 मेगावाट हो गयी। इस सोलर प्लाण्ट को सीधे ग्रिड से जोड़ा गया है। इस संयंत्र की स्थापना से 14.23 लाख रुपये रेलवे राजस्व की प्रत्येक वर्ष बचत होगी और 4–5 वर्ष में अपने कुल खर्च को पूरा कर लिया जाएगा। इसके साथ ही कार्बन फुट प्रिन्ट जैसे मानको में कमी आएगी एवं हरित ऊर्जा तथा स्वच्छ ऊर्जा के उत्पादन में वृद्धि होगी।

## आरेडिका के हॉस्पिटल में प्राइवेट वार्ड का उद्घाटन

आरेडिका चिकित्सालय में दिनांक 28.05.2025 को महाप्रबंधक महोदय के कर कमलों द्वारा एक प्राईवेट वार्ड का उद्घाटन किया गया । आरेडिका चिकित्सालय ने अपने आकस्मिक वार्ड में एक अत्याधुनिक प्राइवेट कक्ष का शुभारंभ किया । इस पहल का उद्देश्य आकस्मिक चिकित्सा सहायता की स्थिति में रोगियों और उनके परिजनों को उच्च स्तरीय सुविधा और देखभाल उपलब्ध कराना है ।

नव निर्मित प्राइवेट रूम में अत्याधुनिक जीवन रक्षक उपकरण, निरंतर निगरानी हेतु मॉनिटरिंग सिस्टम, तथा आरामदायक एवं सुरक्षित वातावरण की समुचित व्यवस्था की गई है। इस सुविधा का विशेष लाभ उन रोगियों को मिलेगा जिन्हें गंभीर स्थिति में विशेष देखभाल और व्यक्तिगत स्थान की आवश्यकता होती है ।

पीसीएमओ डा0 आभा जैन ने बताया कि यह प्राइवेट रूम हमारे आकस्मिक चिकित्सा सेवा के स्तर को एक नई ऊँचाई पर ले जाएगा । यह पहल मरीजों की गरिमा बनाए रखने और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रक्रिया को और बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है।

इस अवसर पर आरेडिका के प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक राजीव खण्डेलवाल, प्रधान वित्त सलाहकार श्री बीएल मीना, प्रधान मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अतुल प्रियदर्शी, प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता मनोज कुमार जिंदल, सीईडीई विजय, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द्र, पीसीएमओ डा0 आभा जैन सहित चिकित्सालय के उच्च अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

(अनिल कुमार श्रीवास्तव)
जन संपर्क अधिकारी